शिवालिक कालेज को नैक से मिला ए-प्लस ग्रेड

सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

शिवालिक कालेज आफ इंजीनियरिंग को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) ने ए-प्लस ग्रेड दिया है। शिवालिक की शानदार पर उपलब्धि पर उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने हर्ष जताया।

यूटीयू के कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने कहा कि नैक से ए-प्लस ग्रेड मिलना शिवालिक कालेज के लिए बड़ी उपलब्धि है। नैक से मिलने वाली ग्रेडिंग शैक्षणिक मानकों व शिक्षा में उत्कृष्टता का परिचायक है। एक प्लस ग्रेड के साथ ही शिवालिक कलेज ने उत्तराखंड में उच्चतम नैक स्कोर भी हासिल किया, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर शिवालिक को पहचान

यूटीयू के कुलपति ने जताई खुशी, कहा-उपलब्धि शिक्षकों,छात्रों के अथक प्रयास का प्रमाण

मिलेगी। संस्थान के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व निदेशक ने भी शानदार ग्रेड मिलने पर खुशी जताई। संस्थान के अध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा नैक ए प्लस ग्रेड प्राप्त करना संस्थान के लिए गर्व की बात है। इस उपलब्धि शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्रों के अथक प्रयासों का प्रमाण हैं।

कालेज के निदेशक डा.प्रहलाद सिंह, डा.कुलदीप पंवार, सुरमधुर पन्त, रजिस्ट्रार राकेश भण्डारी, डा.उमेश गुप्ता ने भी हर्ष जताया।